पंजाब केसरी
SAT,01 JANUARY 2022
EDITION: REWARI KESARI, PAGE NO. 4

हकेंवि के कुलपति ने दिलाया नशा मुक्त भारत का संकल्प

विद्यार्थियों, शिक्षकों व शिक्षणेत्तर कर्मचारियों को नशा मुक्त भारत का संकल्प दिलाते कुलपति प्रो. टंकेश्वर कुमार।

महेंद्रगढ़, 31 दिसम्बर (परमजीत, मोहन): हरियाणा केंद्रीय विश्वविद्यालय महेंद्रगढ़ में 'नशा मुक्त समाज आंदोलन अभियान कौशल का' के तहत शुक्रवार को शपथ समारोह का आयोजन किया गया। यह आंदोलन आवासन और शहरी कार्य राज्य मंत्री कौशल किशोर द्वारा चलाया जा रहा है। यह आंदोलन हरियाणा केंद्रीय विश्वविद्यालय के माध्यम से देश के अलग-अलग राज्यों, विश्वविद्यालयों, महाविद्यालयों और विद्यालयों में चल रहा है। हरियाणा केंद्रीय विश्वविद्यालय के माध्यम से नशा मुक्त परिसर कार्यक्रम अभी तक देश के लगभग 30 विश्वविद्यालयों व महाविद्यालयों में ऑनलाइन माध्यम से सम्पन्न हो चुका है।

हरियाणा केंद्रीय विश्वविद्यालय के कुलपति प्रो. टंकेश्वर कुमार ने नशा मुक्त समाज आंदोलन तहत विद्यार्थियों, शोधार्थियों, शिक्षकों व शिक्षणेत्तर कर्मचारियों को नशा मुक्त समाज और भारत के लिए कार्य करने का आह्वान किया। कुलपति ने विद्यार्थियों को स्वयं नशा न करने, दूसरों को नशा न करने देने की शपथ दिलाई और नशा मुक्त सशक्त और आत्मनिर्भर भारत बनाने के लिए प्रेरित किया।

कार्यक्रम की संयोजक प्रो. सुनीता श्रीवास्तव ने विद्यार्थियों से लोगों को नशे से होने वाली हानियों के प्रति जागरूकता फैलाने और नशा मुक्त समाज बनाने में सहयोग की अपील की। शपथ समारोह में सहायक आचार्य डा. मनीष खनगवाल, निशान सिंह, डा. मुरली, संगीता व अक्षतकांत ने सक्रिय भागीदारी की।

हरिभूमि
रोहतक -महेन्द्रगढ़
1 Jan 2022

हकेंवि के वीसी ने दिलाया नशा मुक्त भारत का संकल्प

हरिभूमि न्यूज ▶▶ महेंद्रगढ़

हरियाणा केंद्रीय विश्वविद्यालय (हकेंवि) में नशा मुक्त समाज आंदोलन अभियान कौशल के तहत शुक्रवार को शपथ समारोह का आयोजन किया गया। यह आंदोलन शहरी कार्य राज्य मंत्री कौशल किशोर द्वारा चलाया जा रहा है। यह आंदोलन हरियाणा केंद्रीय विश्वविद्यालय के माध्यम से देश के अलग-अलग राज्यों, विश्वविद्यालयों, महाविद्यालयों और विद्यालयों में चल रहा है। हरियाणा केंद्रीय विश्वविद्यालय के माध्यम से नशा मुक्त परिसर कार्यक्रम अभी तक देश के लगभग 30 विश्वविद्यालयों व महाविद्यालयों में ऑनलाइन माध्यम से संपन्न हो चुका है। कुलपति प्रो. टंकेश्वर कुमार ने नशा मुक्त समाज आंदोलन के तहत विद्यार्थियों, शोधार्थियों, शिक्षकों व शिक्षणेतर कर्मचारियों को नशा मुक्त समाज और भारत के लिए कार्य करने का आह्वान किया। कुलपति ने विद्यार्थियों को स्वयं नशा न करने, दूसरों को नशा न करने देने की शपथ दिलाई और नशा मुक्त सशक्त और आत्मनिर्भर भारत बनाने के लिए प्रेरित किया। कार्यक्रम की संयोजक प्रो. सुनीता श्रीवास्तव ने विद्यार्थियों से लोगों को नशे से होने वाली हानियों के प्रति जागरूकता फैलाने और नशा मुक्त समाज बनाने में सहयोग की अपील की। शपथ समारोह में आचार्य डॉ. मनीष खनगवाल, निशान सिंह, डॉ. मुरली, संगीता व अक्षतकांत ने सक्रिय भागीदारी की।

हकेंवि के कुलपति ने दिलाया संकल्प

संवाद सहयोगी, महेंद्रगढ़। हरियाणा केंद्रीय विश्वविद्यालय महेंद्रगढ़ में 'नशा मुक्त समाज आंदोलन अभियान कौशल का' के तहत शुक्रवार को शपथ समारोह का आयोजन किया गया। यह आंदोलन आवासन और शहरी कार्य राज्य मंत्री कौशल किशोर द्वारा चलाया जा रहा है। यह आंदोलन हरियाणा केंद्रीय विश्वविद्यालय के माध्यम से देश के अलग-अलग राज्यों, विश्वविद्यालयों, महाविद्यालयों और विद्यालयों में चल रहा है।

हकेंवि के विद्यार्थियों, शिक्षकों और कर्मचारियों को नशा मुक्त भारत का संकल्प दिलाते कुलपति प्रो. टंकेश्वर कुमार ● साभार: हकेंवि

हरियाणा केंद्रीय विश्वविद्यालय के माध्यम से नशा मुक्त परिसर कार्यक्रम अभी तक देश के लगभग 30 विश्वविद्यालयों व महाविद्यालयों में आनलाइन माध्यम से सम्पन्न हो चुका है। हरियाणा केंद्रीय विश्वविद्यालय के कुलपति प्रो. टंकेश्वर कुमार ने नशा मुक्त समाज आंदोलन के तहत विद्यार्थियों, शोधार्थियों, शिक्षकों व शिक्षणेतर कर्मचारियों को नशा मुक्त समाज और भारत के लिए कार्य करने का आह्वान किया। कुलपति ने विद्यार्थियों को स्वयं नशा न करने, दूसरों को नशा न करने देने की शपथ दिलाई और नशा मुक्त सशक्त और आत्मनिर्भर भारत बनाने के लिए प्रेरित किया। कार्यक्रम की संयोजक प्रो. सुनीता श्रीवास्तव ने विद्यार्थियों से लोगों को नशे से होने वाली हानियों के प्रति जागरूकता फैलाने और नशा मुक्त समाज बनाने में सहयोग की अपील की।

शपथ समारोह में सहायक आचार्य डा. मनीष खनगवाल, निशान सिंह, डा. मुरली, संगीता व अक्षतकांत ने सक्रिय भागीदारी की।

हकेंवि में डाटा साइंस और बी फॉर्मों जैसे कोर्स शुरू होंगे

हरियाणा केंद्रीय विश्वविद्यालय हर वर्ष पांच-छह नए कोर्स शुरू करता है। 2022 में विवि की ओर मेडिकल कोर्स पर फोकस रहेगा। कुलपति प्रो. टंकेश्वर कुमार ने फिजियोथैरपी, मेडिकल लैब टेक्नोलॉजी, बी-फॉर्मा, आर्टिफिशियल इंटेलिजेंस और डाटा साइंस कोर्स लाने का लक्ष्य रखा है। इनमें तीन कोर्स मेडिकल से जुड़े हैं तथा आर्टिफिशियल इंटेलिजेंस और डाटा साइंस कंप्यूटर संबंधित कोर्स हैं। इसके अलावा इंफ्रास्ट्रक्चर के हिसाब विवि में एक एकेडमी ब्लॉक और बनाया जाएगा। बाहर से आने वाले मेहमानों के लिए गेस्ट हाउस बनाया जाएगा। एक लाइब्रेरी भी बनाई जाएगी। विवि को नहरी पानी से जोड़ा जाएगा और बड़ा पानी का टैंक बनाया जाएगा, ताकि विवि में पानी की कमी न रहे।

नववर्ष का स्वागत

अपने संकल्पों पर लोगों ने खुलकर रखे विचार

नए संकल्पों के साथ की नववर्ष की शुरुआत

संवाद न्यूज एजेंसी

महेंद्रगढ़। नव वर्ष 2022 की नई कामनाओं को लेकर बेहतर जीवन के लिए सभी आज से नव वर्ष की शुरुआत करेंगे।

नए संकल्पों के साथ नए साल की शुरूआत नए जोश के साथ शुरू हो चुकी है। हर कोई अपने जीवन को बेहतर बनाने के लिए कुछ दृढ़ संकल्पों के साथ नए साल की शुरुआत करते हैं।

अधिकारियों से लेकर आम आदमी ने अपने नए संकल्पों के साथ वर्ष 2022 की नई शुरुआत की। इस बारे मे लोगों से बातचीत की गई तो उन्होंने अपने संकल्पों पर खुलकर प्रतिक्रिया दी।

मूलभूत सुविधाएं उपलब्ध कराना रहेगी प्राथमिकता

नव वर्ष पर प्रशासन का प्रयास होगा लोगों को सरकारी सुविधाओं का अधिक से अधिक फायदा हो तथा लोगों को विभागों के कम चक्कर लगाने पड़े। नगर पालिका क्षेत्र में विकास के अधूरे पड़े कार्यों को पूरा करने का प्रयास करेंगे। कनीना कस्बे में सड़क सीवरेज पानी लाइट जैसी मूलभूत सुविधाओं को और बेहतर कर लोगों को अधिक सुविधाएं उपलब्ध करवाएंगे। -सुरेंद्र सिंह, कनीना एसडीएम।

हकेंवि को एनआईआरएफ रैंकिंग में करेंगे शामिल

हरियाणा केंद्रीय विश्वविद्यालय के कुलपति प्रो. टंकेश्वर कुमार ने विश्वविद्यालय को एनआईआरएफ रैंकिंग दिलाने का संकल्प लिया है। नेशनल इंस्टीट्यूशनल रैंकिंग फ्रेमवर्क देश की सभी टॉप यूनिवर्सिटीज, कॉलेज और अन्य शैक्षिक संस्थानों को उनके परफॉरमेंस के आधार पर रैंकिंग देने का काम करता है। इसमें देशभर की यूनिवर्सिटीज, कॉलेज और अन्य शैक्षणिक संस्थानों में शैक्षिक गुणवत्ता के साथ अन्य सभी पैरामीटर को मापा जाता है। इसके बाद अंतरराष्ट्रीय रैंकिंग के लिए तैयारी की जाएगी। इसके अलावा विवि नए कोर्स एवं भवन बनाने के भी प्रयास किए जाएंगे।

लोगों की सुरक्षा पर रहेगा विशेष ध्यान

उपमंडल क्षेत्र में लोगों को सुरक्षा देना पुलिस प्रशासन का काम है। कनीना पुलिस इस कार्य को बेहतर तरीके से कर रही है। आने वाले नव वर्ष में हमारी प्राथमिकता अपराधों पर अंकुश लगाकर लोगों को सुरक्षित और भयमुक्त वातावरण देने की रहेगी।
- राजीव कुमार, डीएसपी, कनीना

आम जन को बेहतर सेवाएं उपलब्ध कराने का संकल्प

सरकार व प्रशासन की ओर से दी जाने वाली सुविधाओं को आम आदमी तक बेहतर ढंग से पहुंचाना मुख्य संकल्प रहेगा। शहर से लेकर ग्रामीण क्षेत्रों के विकास पर विशेष ध्यान रहेगा। प्राथमिकता के आधार पर लोगों की समस्याओं के समाधान का प्रयास रहेगा। लोगों कार्यों को पादर्शिता के साथ किया जाएगा। सभी को नव वर्ष की हार्दिक शुभकामनाएं।
- एसडीएम दिनेश कुमार

जिले को देंगे बेहतर स्वास्थ्य सेवाएं

सिविल सर्जन डॉ. अशोक कुमार ने बताया कि वर्ष 2022 में जिले को बेहतर स्वास्थ्य सेवाएं देंगे। कोरोना की तीसरी लहर की संभावनाएं बताई जा रही हैं। हम भगवान से यही प्रार्थना करते हैं कि तीसरी लहर न आए, अगर आती भी है तो पहले से भी बेहतर करने का प्रयास करेंगे। अब हम पहली और दूसरी लहर से बेहतरीन स्थिति में है। जिले में एक ऑक्सीजन प्लांट स्थापित किया जा चुका है और एक पर काम चल रहा है। वैक्सीनेशन का लक्ष्य भी हम बहुत जल्द पूरा कर लेंगे।

शहर चमकाने का लिया है संकल्प

नगरपालिका ईओ सुमन लता ने बताया कि नए वर्ष पर शहर को चमकाने का फैसला लिया है। ईओ ने कहा कि वो शहर की साफ-सफाई पर पूरा ध्यान देंगी। इसके लिए शहर को छह जोन में बांटा गया है और हर जोन पर एक अधिकारी नियुक्त किया गया है। विकास कार्यों जो प्रोजेक्ट बचे हुए हैं। उनमें तेजी लाएंगी। शहर के रोड़ों पर भी तेजी से विकास करवाया जाएगा। शहर को बेसहारा गोवंश मुक्त करने का भी प्रयास किया जाएगा।

Central University of Haryana

NAAC Accredited 'A' Grade University

Public Relations Office

Workshop on Feed the Growing India with the Goodness of Pearl Millet Products

Newspaper: Punjab Kesari **Date: 04-01-2022**

हकेंवि में बाजरे से बने खाद्य उत्पादों पर केंद्रित कार्यशाला का शुभारम्भ

कुलपति ने गुणवत्तापूर्ण उत्पाद के निर्माण व प्रचार-प्रसार के लिए बिजनैस मॉडल विकसित करने पर दिया जोर

महेंद्रगढ़, 3 जनवरी (परमजीत, मोहन): हरियाणा केंद्रीय विश्वविद्यालय महेंद्रगढ़ में सोमवार से ग्रामीण क्षेत्र में खाद्य उत्पादों के विकास में जुटी महिलाओं को गुणवत्तापूर्ण उत्पादों के निर्माण व उनके प्रचार-प्रसार हेतु आवश्यक बिजनैस मॉडल विकसित करने के उद्देश्य से 5 दिवसीय कार्यशाला की शुरूआत हुई। फीड द ग्रोइंग इंडिया विद द गुडनैस ऑफ बाजरा प्रोडक्ट्स पर केंद्रित इस कार्यशाला का शुभारम्भ करते हुए कुलपति प्रो. टंकेश्वर कुमार ने कहा कि भारत में उपलब्ध खाद्यान्न उत्पाद पोषण से भरपूर हैं और उनके उचित प्रचार-प्रसार के माध्यम से उन्हें एक ब्रांड के रूप में विकसित किया जा सकता है। कुलपति ने कहा कि विज्ञान भारती हरियाणा व विज्ञान एवं प्रौद्योगिकी मंत्रालय के साइंस फोर इक्विटी, एम्पावरमैंट एंड डिवैल्पमैंट (सीड) के सांझा प्रयासों से आयोजित इस कार्यशाला के माध्यम से अवश्य ही ग्रामीण क्षेत्रों

हकेंवि में आयोजित कार्यशाला में पुस्तिका का विमोचन करते कुलपति प्रो. टंकेश्वर कुमार व अन्य।

में कार्यरत महिलाओं को इस दिशा में उल्लेखनीय प्रगति के अवसर प्राप्त होंगे। विश्वविद्यालय कुलपति प्रो. टंकेश्वर कुमार ने अपने संबोधन में विशेष रूप से पोषण से भरपूर परम्परागत भारतीय उत्पादों का उल्लेख किया और कहा कि बाजरा ऐसा ही एक उत्पाद है, जिससे बने खाद्य पदार्थों की यदि उचित मार्केटिंग की जाए तो यह विश्व स्तर पर पहचान बनाने का दम रखता है।

कुलपति ने इस कार्यशाला में सम्मिलित ग्रामीण महिलाओं को संबोधित करते हुए कहा कि इस आयोजन के माध्यम से उनके उत्पादों को बेहतर बनाने और उनके लिए एक बिजनैस मॉडल विकसित करने की दिशा में प्रयास किया जाएगा। कार्यक्रम में उपस्थित विज्ञान भारती

हरियाणा की उपाध्यक्ष प्रो. सुनीता श्रीवास्तव ने भारतीय खाद्यान्नों की उपयोगिता का उल्लेख करते हुए कहा कि बाजरा सदैव से ही पोषक खाद्यान्न रहा है व इसके बने उत्पादों की यदि उचित मार्केटिंग की जाए तो इन्हें विश्व स्तर पर पहचान दिलाई जा सकती है। कार्यक्रम में विशेषज्ञ वक्ता के रूप में उपस्थित कृषि विज्ञान केंद्र हिसार के डा. रमेश कुमार ने मानव आहार में बाजरे की उपयोगिता विषय पर विस्तार से प्रकाश डाला और बताया कि किस तरह से इसका उपयोग कर शरीर के लिए आवश्यक पोषक तत्वों को प्राप्त कर सकते हैं।

कार्यक्रम की संयोजिका डा. सविता बुधवार ने बताया कि बाजरे से बने पारम्परिक व मूल्यवर्धित व्यंजनों के प्रचार-प्रसार से ग्रामीण महिलाएं व कृषक लाभान्वित होंगे। कार्यक्रम के सह-संयोजक प्रो. सुनील कुमार ने बाजरे से निर्मित मूल्यवर्धित उत्पादों की समयावधि बढ़ाने की तकनीकी पर प्रकाश डाला।

विश्वविद्यालय की शोध अधिष्ठाता प्रो. नीलम सांगवान ने बाजरे का चिकित्सीय आहार के रूप में वर्णन किया। कार्यक्रम की आयोजन समिति के सदस्य प्रो. सुनील कुमार, डा. सविता बुधवार, कृषि विज्ञान केंद्र महेंद्रगढ़ की डा. पूनम यादव, विश्वविद्यालय की शोधार्थी मेघा जाखड व मनाली चक्रवर्ती ने बताया कि 5 दिवसीय इस कार्यशाला में बाजरा उत्पादों के निर्माण की प्रक्रिया, गुणवत्ता में बढ़ौतरी हेतु तकनीक, स्वस्थापित सेवा समूहों की कार्यप्रणाली और बाजरे से बनने वाले उत्पादों पर केंद्रित विभिन्न सत्रों का आयोजन किया जाएगा।

कार्यक्रम के उद्घाटन सत्र के अवसर पर विश्वविद्यालय की शोध अधिष्ठाता प्रो. नीलम सांगवान, सहायक आचार्य डा. सुनीता तंवर सहित विभिन्न विभागों के शिक्षक व विद्यार्थी उपस्थित रहे।

Central University of Haryana

NAAC Accredited 'A' Grade University

Public Relations Office

Newspaper: Amar Ujala **Date: 04-01-2022**

कार्यक्रम

खाद्य उत्पादों के विकास में जुटी महिलाओं के लिए कार्यशाला आयोजित

देश में उपलब्ध खाद्यान्न पोषण से भरपूर : कुलपति

संवाद न्यूज एजेंसी

महेंद्रगढ़। हरियाणा केंद्रीय विश्वविद्यालय (हकेंवि) में सोमवार से ग्रामीण क्षेत्र में खाद्य उत्पादों के विकास में जुटी महिलाओं को गुणवत्तापूर्ण उत्पादों के निर्माण व उनके प्रचार-प्रसार के लिए आवश्यक बिजनेस मॉडल विकसित करने के उद्देश्य से पांच दिवसीय कार्यशाला की शुरुआत की गई।

फीड द ग्रोइंग इंडिया विद द गुडनेस ऑफ बाजरा प्रोडेक्ट्स पर केंद्रित इस कार्यशाला का शुभारंभ करते हुए कुलपति प्रो. टंकेश्वर कुमार ने कहा कि भारत में उपलब्ध खाद्यान्न पोषण से भरपूर हैं। उनके उचित प्रचार-प्रसार के माध्यम से उन्हें एक ब्रांड के रूप में विकसित किया जा सकता है। विज्ञान भारती हरियाणा व विज्ञान एवं प्रौद्योगिकी मंत्रालय के साइंस फॉर इक्विटी, एंपावरमेंट एंड डेवलपमेंट (सीड) के साझा प्रयासों से आयोजित इस कार्यशाला के माध्यम से अवश्य ही ग्रामीण महिलाओं को उल्लेखनीय प्रगति करने का अवसर मिलेगा।

हकेंवि में आयोजित पांच दिवसीय कार्यशाला में पुस्तिका का विमोचन करते कुलपति प्रो. टंकेश्वर कुमार व अन्य। संवाद

कार्यक्रम में उपस्थित विज्ञान भारती हरियाणा की उपाध्यक्ष प्रो. सुनीता श्रीवास्तव ने भारतीय खाद्यान्नों की उपयोगिता का उल्लेख करते हुए कहा कि बाजरा सदैव से ही पोषक खाद्यान्न रहा है व इसके बने उत्पादों की यदि उचित मार्केटिंग की जाए तो इन्हें विश्व स्तर पर पहचान दिलाई जा सकती है। विशेषज्ञ वक्ता के रूप में उपस्थित कृषि विज्ञान केंद्र हिसार के डॉ. रमेश कुमार ने मानव आहार में बाजरे की उपयोगिता विषय पर विस्तार से प्रकाश डाला।

कार्यक्रम की संयोजिका डॉ. सविता बुधवार ने बताया कि बाजरे से बने पारंपरिक व मूल्यवर्धित व्यंजनों के प्रचार-प्रसार से ग्रामीण महिलाएं व कृषक लाभान्वित होंगे। कार्यक्रम के सह संयोजक प्रो. सुनील कुमार ने बाजरे से निर्मित मूल्यवर्धित उत्पादों की समयावधि बढ़ाने की तकनीकी पर प्रकाश डाला। विश्वविद्यालय की शोध अधिष्ठाता प्रो. नीलम सांगवान ने बाजरे का चिकित्सीय आहार के रूप में वर्णन किया।

आयोजन समिति के सदस्य प्रो. सुनील कुमार, डॉ. सविता बुधवार, कृषि विज्ञान केंद्र महेंद्रगढ़ की डॉ. पूनम यादव, विश्वविद्यालय की शोधार्थी मेघा जाखड़ व मनाली चक्रवर्ती ने बताया कि कार्यशाला में बाजरा उत्पादों के निर्माण की प्रक्रिया, गुणवत्ता में बढ़ोतरी की तकनीक, स्वास्थापित सेवा समूहों की कार्यप्रणाली और बाजरे से बनने वाले उत्पादों पर केंद्रित विभिन्न सत्रों का आयोजन किया जाएगा।

Central University of Haryana

NAAC Accredited 'A' Grade University

Public Relations Office

Newspaper: Dainik Bhaskar **Date: 04-01-2022**

पोषण पर फोकस • कुलपति ने गुणवत्तापूर्ण उत्पाद के निर्माण व प्रचार-प्रसार हेतु बिजनेस मॉडल विकसित करने पर दिया जोर

हकेंवि में बाजरे से बने खाद्य उत्पादों पर केंद्रित कार्यशाला का शुभारंभ

भास्कर न्यूज | महेंद्रगढ़

हकेवि, महेंद्रगढ़ में सोमवार से ग्रामीण क्षेत्र में खाद्य उत्पादों के विकास में जुटीं महिलाओं को गुणवत्तापूर्ण उत्पादों के निर्माण व उनके प्रचार-प्रसार हेतु आवश्यक बिजनेस मॉडल विकसित करने के उद्देश्य से पांच दिवसीय कार्यशाला की शुरुआत हुई। फीड द ग्रोइंग इंडिया विद द गुडनेस ऑफ बाजरा प्रोडक्ट्स पर केंद्रित इस कार्यशाला का शुभारंभ करते हुए कुलपति प्रो. टंकेश्वर कुमार ने कहा कि भारत में उपलब्ध खाद्यान्न उत्पाद पोषण से भरपूर हैं और उनके उचित प्रचार-प्रसार के माध्यम से उन्हें एक ब्रांड के रूप में विकसित किया जा सकता है। कुलपति ने कहा कि विज्ञान भारती हरियाणा व विज्ञान एवं प्रौद्योगिकी मंत्रालय के साइंस

केंद्रीय विवि में आयोजित कार्यशाला को संबोधित करते कुलपति प्रो. टंकेश्वर कुमार।

फोर इक्विटी, एंपावरमेंट एंड डेवलपमेंट (सीड) के साझा प्रयासों से आयोजित इस कार्यशाला के माध्यम से अवश्य ही ग्रामीण क्षेत्रों में कार्यरत महिलाओं को इस दिशा में उल्लेखनीय प्रगति के अवसर प्राप्त होंगे।

विश्वविद्यालय कुलपति प्रो. टंकेश्वर कुमार ने अपने संबोधन में विशेष रूप से पोषण से भरपूर परम्परागत भारतीय उत्पादों का उल्लेख किया और कहा कि बाजरा ऐसा ही एक उत्पाद है, जिससे बने खाद्य पदार्थों की यदि उचित मार्केटिंग की जाए तो यह विश्व स्तर पर पहचान बनाने का दम रखता है। कुलपति ने इस कार्यशाला में सम्मिलित ग्रामीण महिलाओं को संबोधित करते हुए कहा कि इस आयोजन के माध्यम से उनके उत्पादों को बेहतर बनाने और उनके लिए एक बिजनेस मॉडल विकसित करने की दिशा में प्रयास किया जाएगा। कार्यक्रम में उपस्थित विज्ञान भारती हरियाणा की उपाध्यक्ष प्रो. सुनीता श्रीवास्तव ने भारतीय खाद्यान्नों की उपयोगिता का उल्लेख करते हुए कहा कि बाजरा सदैव से ही पोषक खाद्यान्न रहा है व इसके बने उत्पादों की यदि उचित मार्केटिंग की जाए तो इन्हें विश्व स्तर पर पहचान दिलाई जा सकती है। कार्यक्रम में विशेषज्ञ वक्ता के रूप में उपस्थित कृषि विज्ञान केंद्र हिसार के डॉ. रमेश कुमार ने मानव आहार में बाजरे की उपयोगिता विषय पर विस्तार से प्रकाश डाला और बताया कि किस तरह से इसका उपयोग कर शरीर के लिए आवश्यक पोषक तत्वों को प्राप्त कर सकते हैं। कार्यक्रम की आयोजन समिति के सदस्य प्रो. सुनील कुमार, डॉ. सविता बुधवार, कृषि विज्ञान केंद्र महेंद्रगढ़ की डॉ. पूनम यादव, विश्वविद्यालय की शोधार्थी मेघा जाखड़ व मनाली चक्रवर्ती ने बताया कि पांच दिवसीय इस कार्यशाला में बाजरा उत्पादों के निर्माण की प्रक्रिया, गुणवत्ता में बढ़ोतरी हेतु तकनीक, सेवा समूहों की कार्यप्रणाली और बाजरे से बनने वाले उत्पादों पर केंद्रित विभिन्न सत्रों का आयोजन किया जाएगा। कार्यक्रम के उद्घाटन सत्र के अवसर पर विश्वविद्यालय की शोध अधिष्ठाता प्रो. नीलम सांगवान, सहायक आचार्य डॉ. सुनीता तंवर सहित विभिन्न विभागों के शिक्षक व विद्यार्थी उपस्थित रहे।

Central University of Haryana

NAAC Accredited 'A' Grade University

Public Relations Office

Newspaper: Dainik Jagran **Date: 04-01-2022**

हकेंवि में बाजरे से बने खाद्य उत्पादों पर कार्यशाला का शुभारंभ

संवाद सहयेगी, महेंद्रगढ़ : हरियाणा केंद्रीय विश्वविद्यालय महेंद्रगढ़ में सोमवार से ग्रामीण क्षेत्र में खाद्य उत्पादों के विकास में जुटी महिलाओं को गुणवत्तापूर्ण उत्पादों के निर्माण व उनके प्रचार-प्रसार के लिए आवश्यक बिजनेस माडल विकसित करने के उद्देश्य से पांच दिवसीय कार्यशाला की शुरुआत हुई। फीड द ग्रोइंग इंडिया विद द गुडनेस आफ बाजरा प्रोडक्ट पर केंद्रित इस कार्यशाला का शुभारंभ करते हुए कुलपति प्रो. टंकेश्वर कुमार ने कहा कि भारत में उपलब्ध खाद्यान्न उत्पाद पोषण से भरपूर हैं। उनके उचित प्रचार-प्रसार के माध्यम से एक ब्रांड के रूप में विकसित किया जा सकता है।

कुलपति ने कहा कि विज्ञान भारती हरियाणा व विज्ञान एवं प्रौद्योगिकी मंत्रालय के साइंस फोर इक्विटी, एम्पावरमेंट एंड डेवलपमेंट (सीड) के साझा प्रयासों से इस कार्यशाला के माध्यम से ग्रामीण क्षेत्रों में कार्यरत महिलाओं को इस दिशा में प्रगति के अवसर प्राप्त होंगे। विवि कुलपति प्रो. टंकेश्वर कुमार ने अपने संबोधन में विशेष रूप से पोषण से भरपूर भारतीय उत्पादों का उल्लेख किया।

Central University of Haryana

NAAC Accredited 'A' Grade University

Public Relations Office

Newspaper: Haribhoomi **Date: 04-01-2022**

बाजरे से बने खाद्य उत्पादों पर केंद्रित कार्यशाला शुरू

महेंद्रगढ़। हरियाणा केंद्रीय विश्वविद्यालय में सोमवार से ग्रामीण क्षेत्र में खाद्य उत्पादों के विकास में जुटीं महिलाओं को गुणवत्तापूर्ण उत्पादों के निर्माण व उनके प्रचार-प्रसार हेतु आवश्यक बिजनेस मॉडल विकसित करने के उद्देश्य से पांच दिवसीय कार्यशाला की शुरूआत हुई। फीड द ग्रोइंग इंडिया विद द गुडनेस ऑफ बाजरा प्रोडेक्ट्स पर केंद्रित इस कार्यशाला का शुभारंभ करते हुए कुलपति प्रो. टंकेश्वर कुमार ने कहा कि भारत में उपलब्ध खाद्यान्न उत्पाद पोषण से भरपूर है।

Central University of Haryana

NAAC Accredited 'A' Grade University

Public Relations Office

Newspaper: Jagat Kranti **Date: 04-01-2022**

खाद्य उत्पादों पर केन्द्रित कार्यशाला का शुभारम्भ

ईश्वर तिवारी ⏭ महेन्द्रगढ़

हरियाणा केंद्रीय विश्वविद्यालय महेंद्रगढ़ में सोमवार से ग्रामीण क्षेत्र में खाद्य उत्पादों के विकास में जुटीं महिलाओं को गुणवत्तापूर्ण उत्पादों के निर्माण व उनके प्रचार-प्रसार हेतु आवश्यक बिजनेस मॉडल विकसित करने के उद्देश्य से पाँच दिवसीय कार्यशाला की शुरुआत हुई। फीड द ग्रोइंग इंडिया विद द गुडनेस ऑफ बाजरा प्रोडेक्ट्स पर केंद्रित इस कार्यशाला का शुभारम्भ करते हुए कुलपति प्रो. टंकेश्वर कुमार ने कहा कि भारत में उपलब्ध खाद्यान्न उत्पाद पोषण से भरपूर हैं और उनके उचित प्रचार-प्रसार के माध्यम से उन्हें एक ब्रांड के रूप में विकसित किया जा सकता है। कुलपति ने कहा कि विज्ञान भारती हरियाणा व विज्ञान एवं प्रौद्योगिकी मंत्रालय के साइंस फोर इक्विटी, एम्पावरमेंट एंड डेवलपमेंट (सीड) के साझा प्रयासों से आयोजित इस कार्यशाला के माध्यम से अवश्य ही ग्रामीण क्षेत्रों में कार्यरत महिलाओं को इस दिशा में उल्लेखनीय प्रगति के अवसर प्राप्त होंगे। उन्होंने अपने संबोधन में विशेष रूप से पोषण से भरपूर परम्परागत भारतीय उत्पादों का उल्लेख किया और कहा कि बाजरा ऐसा ही एक उत्पाद है जिससे बने खाद्य पदार्थों की यदि उचित मार्केटिंग की जाए तो यह विश्व स्तर पर अपनी पहचान बनाने का दम रखता है।

पोषण पर फोकस • कुलपति ने गुणवत्तापूर्ण उत्पाद के निर्माण व प्रचार-प्रसार हेतु बिजनेस मॉडल विकसित करने पर दिया जोर

हकेंवि में बाजरे से बने खाद्य उत्पादों पर केंद्रित कार्यशाला का शुभारंभ

भास्कर न्यूज | महेंद्रगढ़

हकेवि, महेंद्रगढ़ में सोमवार से ग्रामीण क्षेत्र में खाद्य उत्पादों के विकास में जुटीं महिलाओं को गुणवत्तापूर्ण उत्पादों के निर्माण व उनके प्रचार-प्रसार हेतु आवश्यक बिजनेस मॉडल विकसित करने के उद्देश्य से पांच दिवसीय कार्यशाला की शुरुआत हुई। फीड द ग्रोइंग इंडिया विद द गुडनेस ऑफ बाजरा प्रोडक्ट्स पर केंद्रित इस कार्यशाला का शुभारंभ करते हुए कुलपति प्रो. टंकेश्वर कुमार ने कहा कि भारत में उपलब्ध खाद्यान्न उत्पाद पोषण से भरपूर हैं और उनके उचित प्रचार-प्रसार के माध्यम से उन्हें एक ब्रांड के रूप में विकसित किया जा सकता है। कुलपति ने कहा कि विज्ञान भारती हरियाणा व विज्ञान एवं प्रौद्योगिकी मंत्रालय के साइंस फोर इक्विटी, एंपावरमेंट एंड डेवलपमेंट (सीड) के साझा प्रयासों से आयोजित इस कार्यशाला के माध्यम से अवश्य ही ग्रामीण क्षेत्रों में कार्यरत महिलाओं को इस दिशा में उल्लेखनीय प्रगति के अवसर प्राप्त होंगे।

केंद्रीय विवि में आयोजित कार्यशाला को संबोधित करते कुलपति प्रो. टंकेश्वर कुमार।

विश्वविद्यालय कुलपति प्रो. टंकेश्वर कुमार ने अपने संबोधन में विशेष रूप से पोषण से भरपूर परम्परागत भारतीय उत्पादों का उल्लेख किया और कहा कि बाजरा ऐसा ही एक उत्पाद है, जिससे बने खाद्य पदार्थों की यदि उचित मार्केटिंग की जाए तो यह विश्व स्तर पर पहचान बनाने का दम रखता है। कुलपति ने इस कार्यशाला में सम्मिलित ग्रामीण महिलाओं को संबोधित करते हुए कहा कि इस आयोजन के माध्यम से उनके उत्पादों को बेहतर बनाने और उनके लिए एक बिजनेस मॉडल विकसित करने की दिशा में प्रयास किया जाएगा। कार्यक्रम में उपस्थित विज्ञान भारती हरियाणा की उपाध्यक्ष प्रो. सुनीता श्रीवास्तव ने भारतीय खाद्यान्नों की उपयोगिता का उल्लेख करते हुए कहा कि बाजरा सदैव से ही पोषक खाद्यान्न रहा है व इसके बने उत्पादों की यदि उचित मार्केटिंग की जाए तो इन्हें विश्व स्तर पर पहचान दिलाई जा सकती है। कार्यक्रम में विशेषज्ञ वक्ता के रूप में उपस्थित कृषि विज्ञान केंद्र हिसार के डॉ. रमेश कुमार ने मानव आहार में बाजरे की उपयोगिता विषय पर विस्तार से प्रकाश डाला और बताया कि किस तरह से इसका उपयोग कर शरीर के लिए आवश्यक पोषक तत्वों को प्राप्त कर सकते हैं। कार्यक्रम की आयोजन समिति के सदस्य प्रो. सुनील कुमार, डॉ. सविता बुधवार, कृषि विज्ञान केंद्र महेंद्रगढ़ की डॉ. पूनम यादव, विश्वविद्यालय की शोधार्थी मेघा जाखड़ व मनाली चक्रवर्ती ने बताया कि पांच दिवसीय इस कार्यशाला में बाजरा उत्पादों के निर्माण की प्रक्रिया, गुणवत्ता में बढ़ोतरी हेतु तकनीक, सेवा समूहों की कार्यप्रणाली और बाजरे से बनने वाले उत्पादों पर केंद्रित विभिन्न सत्रों का आयोजन किया जाएगा। कार्यक्रम के उद्घाटन सत्र के अवसर पर विश्वविद्यालय की शोध अधिष्ठाता प्रो. नीलम सांगवान, सहायक आचार्य डॉ. सुनीता तंवर सहित विभिन्न विभागों के शिक्षक व विद्यार्थी उपस्थित रहे।

हकेंवि में बाजरे से बने खाद्य उत्पादों पर कार्यशाला का शुभारंभ

संवाद सहयोगी, महेंद्रगढ़ : हरियाणा केंद्रीय विश्वविद्यालय महेंद्रगढ़ में सोमवार से ग्रामीण क्षेत्र में खाद्य उत्पादों के विकास में जुटी महिलाओं को गुणवत्तापूर्ण उत्पादों के निर्माण व उनके प्रचार-प्रसार के लिए आवश्यक बिजनेस माडल विकसित करने के उद्देश्य से पांच दिवसीय कार्यशाला की शुरुआत हुई। फीड द ग्रोइंग इंडिया विद द गुडनेस आफ बाजरा प्रोडक्ट पर केंद्रित इस कार्यशाला का शुभारंभ करते हुए कुलपति प्रो. टंकेश्वर कुमार ने कहा कि भारत में उपलब्ध खाद्यान्न उत्पाद पोषण से भरपूर हैं। उनके उचित प्रचार-प्रसार के माध्यम से एक ब्रांड के रूप में विकसित किया जा सकता है।

कुलपति ने कहा कि विज्ञान भारती हरियाणा व विज्ञान एवं प्रौद्योगिकी मंत्रालय के साइंस फोर इक्विटी, एम्पावरमेंट एंड डेवलपमेंट (सीड) के साझा प्रयासों से इस कार्यशाला के माध्यम से ग्रामीण क्षेत्रों में कार्यरत महिलाओं को इस दिशा में प्रगति के अवसर प्राप्त होंगे। विवि कुलपति प्रो. टंकेश्वर कुमार ने अपने संबोधन में विशेष रूप से पोषण से भरपूर भारतीय उत्पादों का उल्लेख किया।

कार्यक्रम

खाद्य उत्पादों के विकास में जुटी महिलाओं के लिए कार्यशाला आयोजित

देश में उपलब्ध खाद्यान्न पोषण से भरपूर : कुलपति

संवाद न्यूज एजेंसी

महेंद्रगढ़। हरियाणा केंद्रीय विश्वविद्यालय (हकेंवि) में सोमवार से ग्रामीण क्षेत्र में खाद्य उत्पादों के विकास में जुटी महिलाओं को गुणवत्तापूर्ण उत्पादों के निर्माण व उनके प्रचार-प्रसार के लिए आवश्यक बिजनेस मॉडल विकसित करने के उद्देश्य से पांच दिवसीय कार्यशाला की शुरुआत की गई।

फीड द ग्रोइंग इंडिया विद द गुडनेस ऑफ बाजरा प्रोडेक्ट्स पर केंद्रित इस कार्यशाला का शुभारंभ करते हुए कुलपति प्रो. टंकेश्वर कुमार ने कहा कि भारत में उपलब्ध खाद्यान्न पोषण से भरपूर हैं। उनके उचित प्रचार-प्रसार के माध्यम से उन्हें एक ब्रांड के रूप में विकसित किया जा सकता है। विज्ञान भारती हरियाणा व विज्ञान एवं प्रौद्योगिकी मंत्रालय के साइंस फॉर इक्विटी, एंपावरमेंट एंड डेवलपमेंट (सीड) के साझा

हकेंवि में आयोजित पांच दिवसीय कार्यशाला में पुस्तिका का विमोचन करते कुलपति प्रो. टंकेश्वर कुमार व अन्य। संवाद

प्रयासों से आयोजित इस कार्यशाला के माध्यम से अवश्य ही ग्रामीण महिलाओं को उल्लेखनीय प्रगति करने का अवसर मिलेगा।

कार्यक्रम में उपस्थित विज्ञान भारती हरियाणा की उपाध्यक्ष प्रो. सुनीता श्रीवास्तव ने भारतीय खाद्यान्नों की उपयोगिता का उल्लेख करते हुए कहा कि बाजरा सदैव से ही पोषक खाद्यान्न रहा है व इसके बने उत्पादों की यदि उचित मार्केटिंग की जाए तो इन्हें विश्व स्तर पर पहचान दिलाई जा सकती है। विशेषज्ञ वक्ता के रूप में उपस्थित कृषि विज्ञान केंद्र हिसार के डॉ. रमेश कुमार ने मानव आहार में बाजरे की उपयोगिता विषय पर विस्तार से प्रकाश डाला।

कार्यक्रम की संयोजिका डॉ. सविता बुधवार ने बताया कि बाजरे से बने पारंपरिक व मूल्यवर्धित व्यंजनों के प्रचार-प्रसार से ग्रामीण महिलाएं व कृषक लाभान्वित होंगे। कार्यक्रम के सह संयोजक प्रो. सुनील कुमार ने बाजरे से निर्मित मूल्यवर्धित उत्पादों की समयावधि बढ़ाने की तकनीकी पर प्रकाश डाला। विश्वविद्यालय की शोध अधिष्ठाता प्रो. नीलम सांगवान ने बाजरे का चिकित्सीय आहार के रूप में वर्णन किया।

आयोजन समिति के सदस्य प्रो. सुनील कुमार, डॉ. सविता बुधवार, कृषि विज्ञान केंद्र महेंद्रगढ़ की डॉ. पूनम यादव, विश्वविद्यालय की शोधार्थी मेघा जाखड़ व मनाली चक्रवर्ती ने बताया कि कार्यशाला में बाजरा उत्पादों के निर्माण की प्रक्रिया, गुणवत्ता में बढ़ोतरी की तकनीक, स्वास्थापित सेवा समूहों की कार्यप्रणाली और बाजरे से बनने वाले उत्पादों पर केंद्रित विभिन्न सत्रों का आयोजन किया जाएगा।

खाद्य उत्पादों पर केन्द्रित कार्यशाला का शुभारम्भ

ईश्वर तिवारी ⏭ महेन्द्रगढ़

हरियाणा केंद्रीय विश्वविद्यालय महेंद्रगढ़ में सोमवार से ग्रामीण क्षेत्र में खाद्य उत्पादों के विकास में जुटीं महिलाओं को गुणवत्तापूर्ण उत्पादों के निर्माण व उनके प्रचार-प्रसार हेतु आवश्यक बिजनेस मॉडल विकसित करने के उद्देश्य से पाँच दिवसीय कार्यशाला की शुरुआत हुई। फीड द ग्रोइंग इंडिया विद द गुडनेस ऑफ बाजरा प्रोडेक्ट्स पर केंद्रित इस कार्यशाला का शुभारम्भ करते हुए कुलपति प्रो. टंकेश्वर कुमार ने कहा कि भारत में उपलब्ध खाद्यान्न उत्पाद पोषण से भरपूर हैं और उनके उचित प्रचार-प्रसार के माध्यम से उन्हें एक ब्रांड के रूप में विकसित किया जा सकता है। कुलपति ने कहा कि विज्ञान भारती हरियाणा व विज्ञान एवं प्रौद्योगिकी मंत्रालय के साइंस फोर इक्विटी, एम्पावरमेंट एंड डेवलपमेंट (सीड) के साझा प्रयासों से आयोजित इस कार्यशाला के माध्यम से अवश्य ही ग्रामीण क्षेत्रों में कार्यरत महिलाओं को इस दिशा में उल्लेखनीय प्रगति के अवसर प्राप्त होंगे। उन्होंने अपने संबोधन में विशेष रूप से पोषण से भरपूर परम्परागत भारतीय उत्पादों का उल्लेख किया और कहा कि बाजरा ऐसा ही एक उत्पाद है जिससे बने खाद्य पदार्थों की यदि उचित मार्केटिंग की जाए तो यह विश्व स्तर पर अपनी पहचान बनाने का दम रखता है।

हकेंवि में पीएचडी दाखिले के लिए साक्षात्कार 11 से

महेन्द्रगढ़, 5 जनवरी (निस)

हरियाणा केंद्रीय विश्वविद्यालय महेंद्रगढ़ के विभिन्न विभागों में उपलब्ध पीएचडी पाठ्यक्रमों की दाखिला प्रक्रिया के अंतर्गत 11 जनवरी को साक्षात्कार आयोजित किए जा रहे हैं। विश्वविद्यालय प्रशासन ने कोरोना महामारी के प्रभाव को देखते हुए साक्षात्कार की प्रक्रिया के अंतर्गत आवेदकों को ऑफलाइन के साथ ऑनलाइन सम्मिलित होने का भी विकल्प उपलब्ध कराया है।

दैनिक ट्रिब्यून

शारीरिक, मानसिक स्वास्थ्य को सूर्य नमस्कार उपयोगी : टंकेश्वर

संवाद सहयोगी, महेंद्रगढ़: हरियाणा केंद्रीय विश्वविद्यालय (हकेंवि) महेंद्रगढ़ भी आयुष मंत्रालय, भारत सरकार और राष्ट्रीय योगासन स्पोर्ट्स फेडरेशन के तत्वावधान में आजादी के अमृत महोत्सव अभियान के उपलक्ष्य में 75 करोड़ सूर्य नमस्कार का अभ्यास के प्रयास में सांझेदार बना है। विश्वविद्यालय के कुलपति प्रोफेसर टंकेश्वर कुमार की प्रेरणा और अंतर्विषयी एवं अनुप्रयुक्त विज्ञान संकाय की अध्यक्षा प्रोफेसर नीलम सांगवान के मार्गदर्शन में विश्वविद्यालय के योग विभाग की ओर से आयोजित इस गतिविधि के अंतर्गत विद्यार्थियों, शोधार्थियों, शिक्षकों, अधिकारियों और कर्मचारियों को प्रातः सात बजे से साढे सात तक 13 बार सूर्य नमस्कार का अभ्यास कराया जा रहा है। विश्वविद्यालय

प्रो टंकेश्वर कुमार।

के कुलपति प्रो. टंकेश्वर कुमार ने इस आयोजन के बेहद उपयोगी बताया है। उन्होंने कहा कि शारीरिक व मानसिक स्वास्थ्य के लिए सूर्य नमस्कार बहुत उपयोगी है। जिससे स्वास्थ्य को बेहतर बनाया जा सकता है। उन्होंने इस आयोजन में सम्मिलित प्रतिभागियों को सूर्य नमस्कार को अपनी दिनचर्या का हिस्सा बनाने के लिए भी प्रेरित किया। योग विभाग के शिक्षक प्रभारी डा. अजय पाल ने बताया कि यह आसनों का एक समूह है, जिसमें सभी प्रकार के आसनों का समावेश होने के कारण यह अपने आप में एक पूर्ण योगिक अभ्यास का पर्याय बन जाता है। जैसे सूर्य पूरे ब्रह्मांड को प्राण का प्रवाह प्रदान करता है, वैसे ही सूर्य नमस्कार का अभ्यास व्यक्ति में प्राण और ऊर्जा का संचार कर उसे शारीरिक, मानसिक और भावनात्मक रूप से स्वस्थ बनाने में योगदान देता है। डा. अजय पाल ने बताया कि आजादी के अमृत महोत्सव के उपलक्ष्य में भारतवर्ष में अनेक प्रकार के कार्यक्रमों का आयोजन किया जा रहा है। उन्हीं कार्यक्रमों में एक कार्यक्रम 75 करोड़ सूर्य नमस्कार का भी रखा गया है। उन्होंने बताया कि सूर्य नमस्कार के अभ्यास के लिए डा. रवि कुमार के निर्देशन में विवि के लोग प्रतिदिन अभ्यास कर रहे हैं।

हकेंवि में विभिन्न प्रतियोगिताएं आयोजित

संवाद सहयोगी, महेंद्रगढ़ : हरियाणा केंद्रीय विश्वविद्यालय महेंद्रगढ़ में आजादी का अमृत महोत्सव अभियान के अंतर्गत देश भक्ति गीत, लोरी गीत और रंगोली पर प्रतियोगिता का आयोजन किया गया। विश्वविद्यालय के दिव्यांगजन प्रकोष्ठ द्वारा कार्यक्रम वर्चुअल माध्यम से आयोजित किया गया। इस अवसर पर विश्वविद्यालय के कुलपति प्रो. टंकेश्वर कुमार ने इस आयोजन को महत्वपूर्ण बताया और कहा कि ऐसे आयोजनों के माध्यम से विद्यार्थियों, शोधार्थियों व प्रतिभागियों को स्वतंत्रता संग्राम से जुड़े विभिन्न पक्षों को जानने-समझने का अवसर प्राप्त होता है। इस मौके पर विश्वविद्यालय कुलपति को आयोजन समिति की ओर से सहायक आचार्य डा. दिलीप कुमार पटेल द्वारा बनाया गया आजादी का अमृत महोत्सव के प्रतीक चिन्ह की प्रति भी भेंट की गई। विश्वविद्यालय में आजादी का अमृत महोत्सव अभियान की नोडल ऑफिसर प्रो. सारिका शर्मा ने कार्यक्रम की रूपरेखा प्रस्तुत की। सहआचार्य डा. धर्मपाल पूनिया ने कुलपति का परिचय दिया। प्रो. सारिका शर्मा ने बताया कि आयोजन के अंतर्गत आयोजित विभिन्न प्रतियोगिताओं में निर्णायक मंडल के माध्यम से विभिन्न प्रतिभागियों का मूल्यांकन किया गया। निर्णायक मंडल में प्रो. सुनीता श्रीवास्तव, प्रो. नीलम सागवान, प्रो. सुनील कुमार, डा. नरेंद्र परमार एवं डा. सरन प्रसाद शामिल रहे। इस अवसर पर प्रस्तुतियों के आधार पर देश भक्ति गीत लेखन प्रतियोगिता में संदीप कुमार ने प्रथम पुरस्कार, शिवम कुमार चौधरी ने द्वितीय पुरस्कार एवं मौसम कुमारी ने तृतीय पुरस्कार प्राप्त किया। इसी क्रम में लोरी गीत लेखन प्रतियोगिता में प्रथम पुरस्कार सचिन यादव, द्वितीय पुरस्कार जामिनी डोली एवं तृतीय पुरस्कार अचला रानी डे एवं रंगोली प्रतियोगिता में प्रथम पुरस्कार अमृता प्रियदर्शनी साहू, द्वितीय पुरस्कार अमन गंगवार व तृतीय पुरस्कार सुरभि ने प्राप्त किए। कार्यक्रम में मंच संचालन भूगोल विभाग के सहायक आचार्य डा. मनीष ने किया तथा धन्यवाद ज्ञापन शिक्षा पीठ के सहायक आचार्य डा. रुबल कलिता ने किया। कार्यक्रम में विश्वविद्यालय के शिक्षकगण, अधिकारी एवं विद्यार्थी उपस्थित रहे।

कुलपति प्रो. टंकेश्वर कुमार को आजादी का अमृत महोत्सव का प्रतीक चिन्ह भेंट करते आयोजन समिति के सदस्य ● साभार संस्था

पीएचडी दाखिले के लिए साक्षात्कार का हकेंवि में विकल्प

संवाद सहयोगी, महेंद्रगढ़ : हरियाणा केंद्रीय विश्वविद्यालय (हकेंवि) महेंद्रगढ़ के विभिन्न विभागों में उपलब्ध पीएचडी पाठ्यक्रमों की दाखिला प्रक्रिया के अंतर्गत आगामी 11 जनवरी को साक्षात्कार आयोजित किए जा रहे हैं।

विश्वविद्यालय प्रशासन ने कोरोना महामारी के प्रभाव को देखते हुए साक्षात्कार की प्रक्रिया के अंतर्गत आवेदकों को आफलाइन के साथ-साथ आनलाइन सम्मिलित होने का भी विकल्प उपलब्ध कराया है। विश्वविद्यालय की कुलसचिव प्रो. सारिका शर्मा की ओर से जारी निर्देशों के तहत विश्वविद्यालय के विभिन्न विभागों में पीएचडी पाठ्यक्रमों में दाखिले के लिए आयोजित होने वाली साक्षात्कार की प्रक्रिया अब आनलाइन व ऑफलाइन दोनों ही माध्यमों से होगी।

प्रो. सारिका शर्मा के अनुसार साक्षात्कार संबंधी अन्य जानकारी के लिए योग्य आवेदक संबंधित विभागाध्यक्ष व शिक्षक प्रभारी से संपर्क कर सकते हैं।

सूर्य नमस्कार शरीर में उत्पन्न करता है ऊर्जा का संचार : प्रो. टंकेश्वर कुमार

भास्कर न्यूज | महेंद्रगढ़

हकेवि महेंद्रगढ़ भी आयुष मंत्रालय, भारत सरकार और राष्ट्रीय योगासन स्पोर्ट्स फेडरेशन के तत्वावधान में, आजादी के अमृत महोत्सव अभियान के उपलक्ष्य में, 75 करोड़ सूर्य नमस्कार का अभ्यास के प्रयास में सांझेदार बना है। विश्वविद्यालय के विज्ञान संकाय की अध्यक्षा प्रोफेसर नीलम सांगवान के मार्गदर्शन में, विश्वविद्यालय के योग विभाग की ओर से आयोजित इस गतिविधि के अंतर्गत विद्यार्थियों, शोधार्थियों, शिक्षकों, अधिकारियों और कर्मचारियों को सुबह 7 बजे से 7.30 तक 13 बार सूर्य नमस्कार का अभ्यास कराया जा रहा है।

विश्वविद्यालय के कुलपति प्रो. टंकेश्वर कुमार ने कहा कि योग के माध्यम से शारीरिक व मानसिक रूप से हम स्वस्थ रह सकते है। कुलपति ने संदेश के माध्यम से इस आयोजन में सम्मिलित प्रतिभागियों को सूर्य नमस्कार को अपनी दिनचर्या का हिस्सा बनाने के लिए भी प्रेरित किया। योग विभाग के शिक्षक प्रभारी डॉ. अजय पाल ने बताया कि सूर्य नमस्कार के संबंध में जानकारी देते हुए बताया कि यह आसनों का एक समूह है, जिसमें सभी प्रकार के आसनों का समावेश होने के कारण यह अपने आप में एक पूर्ण योगिक अभ्यास का पर्याय बन जाता है। जैसे सूर्य पूरे ब्रह्मांड को प्राण का प्रवाह प्रदान करता है, वैसे ही सूर्य नमस्कार का अभ्यास व्यक्ति में प्राण और ऊर्जा का संचार कर उसे शारीरिक, मानसिक और भावनात्मक रूप से स्वस्थ बनाने में योगदान देता है। डॉ. अजय पाल ने बताया कि आजादी के अमृत महोत्सव के उपलक्ष्य में भारतवर्ष में अनेक प्रकार के कार्यक्रमों का आयोजन किया जा रहा है। उन्हीं कार्यक्रमों में एक कार्यक्रम 75 करोड़ सूर्य नमस्कार का भी रखा गया है। जिसे विश्वविद्यालय पूरे मनोयोग से कर रहा है। उन्होंने बताया कि सूर्य नमस्कार के अभ्यास के लिए डॉ. रवि कुमार के निर्देशन में विश्वविद्यालय के लोग प्रतिदिन अभ्यास कर रहे हैं, यह अभ्यास अगले 21 दिनों तक चलेगा।

हकेवि में पीएचडी में दाखिले के लिए ऑनलाइन व ऑफ लाइन साक्षात्कार का विकल्प

महेंद्रगढ़ | हकेवि, महेंद्रगढ़ के विभिन्न विभागों में उपलब्ध पीएचडी पाठ्यक्रमों की दाखिला प्रक्रिया के अंतर्गत आगामी 11 जनवरी को साक्षात्कार आयोजित किए जा रहे हैं। प्रशासन ने कोरोना महामारी के प्रभाव को देखते हुए एहतियातन साक्षात्कार की प्रक्रिया के अंतर्गत आवेदकों को ऑफलाइन के साथ-साथ ऑनलाइन सम्मिलित होने का भी विकल्प उपलब्ध कराया है।

शारीरिक व मानसिक स्वास्थ्य के लिए सूर्य नमस्कार उपयोगी : प्रो. टंकेश्वर

संवाद न्यूज एजेंसी

महेंद्रगढ़। हरियाणा केंद्रीय विश्वविद्यालय (हकेंविवि) भी आजादी के अमृत महोत्सव अभियान के उपलक्ष्य में 75 करोड़ सूर्य नमस्कार का अभ्यास के प्रयास में साझेदार बना है।

विश्वविद्यालय के कुलपति प्रो. टंकेश्वर कुमार की प्रेरणा और अंतर्विषयी एवं अनुप्रयुक्त विज्ञान संकाय की अध्यक्ष प्रो. नीलम सांगवान के मार्गदर्शन में विश्वविद्यालय के योग विभाग की ओर से विद्यार्थियों, शोद्यार्थियों, शिक्षकों, अधिकारियों और कर्मचारियों को प्रातः 7 बजे से 7.30 तक 13 बार सूर्य नमस्कार का अभ्यास कराया जा रहा है।

विश्वविद्यालय के कुलपति प्रो. टंकेश्वर कुमार ने इस आयोजन के बेहद उपयोगी बताया है और कहा कि इस माध्यम से शारीरिक व मानसिक स्वास्थ्य को बेहतर बनाया जा सकता है। कुलपति ने संदेश के माध्यम से इस आयोजन में सम्मिलित प्रतिभागियों को सूर्य नमस्कार को अपनी दिनचर्या का हिस्सा बनाने के लिए भी प्रेरित किया।

योग विभाग के शिक्षक प्रभारी डॉ. अजय पाल ने सूर्य नमस्कार के संबंध में बताया कि यह आसनों का एक समूह है, जिसमें सभी प्रकार के आसनों का समावेश होने के कारण यह अपने आप में एक पूर्ण यौगिक अभ्यास का पर्याय बन जाता है। जैसे सूर्य पूरे ब्रह्मांड को प्राण का प्रवाह प्रदान करता है वैसे ही सूर्य नमस्कार का अभ्यास व्यक्ति में प्राण और ऊर्जा का संचार कर उसे शारीरिक, मानसिक और भावनात्मक रूप से स्वस्थ बनाने में योगदान देता है

देशभक्ति गीत लेखन प्रतियोगिता में संदीप प्रथम

आजादी का अमृत महोत्सव : हकेंविवि में विभिन्न प्रतियोगिताएं आयोजित, वर्चुअल माध्यम से किया गया आयोजन

संवाद न्यूज एजेंसी

महेंद्रगढ़। हरियाणा केंद्रीय विश्वविद्यालय(हकेंविवि) में आजादी का अमृत महोत्सव अभियान के अंतर्गत देशभक्ति गीत, लोरी गीत और रंगोली पर प्रतियोगिता का आयोजन किया गया। देश भक्ति गीत लेखन प्रतियोगिता में संदीप कुमार ने प्रथम पुरस्कार प्राप्त किया।

विश्वविद्यालय के दिव्यांग प्रकोष्ठ द्वारा यह कार्यक्रम वर्चुअल माध्यम से किया गया। विश्वविद्यालय के कुलपति प्रो. टंकेश्वर कुमार ने इस आयोजन को महत्वपूर्ण बताया और कहा कि ऐसे आयोजनों के माध्यम से विद्यार्थियों, शोधार्थियों, प्रतिभागियों को स्वतंत्रता संग्राम से जुड़े विभिन्न पक्षों को जानने समझने का अवसर प्राप्त होता है। इस मौके पर विश्वविद्यालय कुलपति को आयोजन समिति की ओर से सहायक आचार्य डॉ. दिलीप कुमार पटेल द्वारा बनाया गया आजादी का अमृत महोत्सव के प्रतीक चिह्न की प्रति भेंट की गई।

कुलपति प्रो. टंकेश्वर कुमार को प्रतीक चिह्न भेंट करते समिति के सदस्य। संवाद

विश्वविद्यालय में आजादी का अमृत महोत्सव अभियान की नोडल ऑफिसर प्रो. सारिका शर्मा ने कार्यक्रम की रूपरेखा प्रस्तुत की। सह आचार्य डॉ. धर्मपाल पूनिया ने कुलपति का परिचय दिया। प्रो. सारिका शर्मा ने बताया कि निर्णायक मंडल में प्रो. सुनीता श्रीवास्तव, प्रो. नीलम सागवान, प्रो. सुनील कुमार, डॉ. नरेंद्र परमार एवं डॉ. सरन प्रसाद शामिल रहे। प्रस्तुतियों के आधार पर देश भक्ति गीत लेखन प्रतियोगिता में संदीप कुमार ने प्रथम पुरस्कार, शिवम कुमार चौधरी ने द्वितीय पुरस्कार एवं मौसम कुमारी ने तृतीय पुरस्कार प्राप्त किया।

इसी क्रम में लोरी गीत लेखन प्रतियोगिता में प्रथम पुरस्कार सचिन यादव, द्वितीय पुरस्कार जामिनी डोली को दिया गया। रंगोली प्रतियोगिता में प्रथम पुरस्कार अमृता प्रियदर्शनी साहू, द्वितीय पुरस्कार अमन गंगवार, तृतीय पुरस्कार सुरभि ने प्राप्त किए। कार्यक्रम में मंच संचालन भूगोल विभाग के सहायक आचार्य डॉ. मनीष ने किया।

शारीरिक व मानसिक स्वास्थ्य के लिए सूर्य नमस्कार उपयोगी : प्रो. टंकेश्वर

संवाद न्यूज एजेंसी

महेंद्रगढ़। हरियाणा केंद्रीय विश्वविद्यालय (हकेंविवि) भी आजादी के अमृत महोत्सव अभियान के उपलक्ष्य में 75 करोड़ सूर्य नमस्कार का अभ्यास के प्रयास में साझेदार बना है।

विश्वविद्यालय के कुलपति प्रो. टंकेश्वर कुमार की प्रेरणा और अंतर्विषयी एवं अनुप्रयुक्त विज्ञान संकाय की अध्यक्ष प्रो. नीलम सांगवान के मार्गदर्शन में विश्वविद्यालय के योग विभाग की ओर से विद्यार्थियों, शोद्यार्थियों, शिक्षकों, अधिकारियों और कर्मचारियों को प्रातः 7 बजे से 7.30 तक 13 बार सूर्य नमस्कार का अभ्यास कराया जा रहा है।

विश्वविद्यालय के कुलपति प्रो. टंकेश्वर कुमार ने इस आयोजन के बेहद उपयोगी बताया है और कहा कि इस माध्यम से शारीरिक व मानसिक स्वास्थ्य को बेहतर बनाया जा सकता है। कुलपति ने संदेश के माध्यम से इस आयोजन में सम्मिलित प्रतिभागियों को सूर्य नमस्कार को अपनी दिनचर्या का हिस्सा बनाने के लिए भी प्रेरित किया।

योग विभाग के शिक्षक प्रभारी डॉ. अजय पाल ने सूर्य नमस्कार के संबंध में बताया कि यह आसनों का एक समूह है, जिसमें सभी प्रकार के आसनों का समावेश होने के कारण यह अपने आप में एक पूर्ण यौगिक अभ्यास का पर्याय बन जाता है। जैसे सूर्य पूरे ब्रह्मांड को प्राण का प्रवाह प्रदान करता है वैसे ही सूर्य नमस्कार का अभ्यास व्यक्ति में प्राण और ऊर्जा का संचार कर उसे शारीरिक, मानसिक और भावनात्मक रूप से स्वस्थ बनाने में योगदान देता है

हकेंविवि

पीएचडी दाखिले के लिए ऑनलाइन व ऑफलाइन साक्षात्कार का विकल्प

पीएचडी के लिए साक्षात्कार 11 जनवरी को

संवाद न्यूज एजेंसी

महेंद्रगढ़। हरियाणा केंद्रीय विश्वविद्यालय(हकेंविवि) के विभिन्न विभागों में उपलब्ध पीएचडी पाठ्यक्रमों की दाखिला प्रक्रिया के अंतर्गत 11 जनवरी को साक्षात्कार आयोजित किए जाएंगे।

विश्वविद्यालय प्रशासन ने कोरोना महामारी के प्रभाव को देखते हुए एहतियातन साक्षात्कार की प्रक्रिया के अंतर्गत आवेदकों को ऑफलाइन के साथ-साथ ऑनलाइन सम्मिलित होने का भी विकल्प उपलब्ध कराया है। विश्वविद्यालय की कुलसचिव प्रो. सारिका शर्मा की ओर से जारी निर्देशों के तहत विश्वविद्यालय के विभिन्न विभागों में पीएचडी पाठ्यक्रमों में दाखिले के लिए आयोजित होने वाली साक्षात्कार की प्रक्रिया अब ऑनलाइन व ऑफलाइन दोनों की माध्यमों से होगी। प्रो. सारिका शर्मा के अनुसार साक्षात्कार संबंधी अन्य जानकारी के लिए योग्य आवेदक संबंधित विभागाध्यक्ष, शिक्षक प्रभारी से संपर्क कर सकते हैं।

हरियाणा केंद्रीय विश्वविद्यालय महेंद्रगढ़। संवाद

छह विद्यार्थियों को मिली नौकरी

संवाद न्यूज एजेंसी

महेंद्रगढ़। हरियाणा केंद्रीय विश्वविद्यालय (हकेंविवि) में विद्यार्थियों को पढ़ाई के साथ-साथ रोजगार के भी अवसर उपलब्ध कराए जा रहे हैं। विश्वविद्यालय के इन्हीं प्रयासों के परिणाम स्वरूप छह विद्यार्थियों को नेग्रो, एक्सीडेंस कंसल्टिंग, नेकस्टजेन इंवेंट में प्लेसमेंट मिली है।

विश्वविद्यालय के कुलपति प्रो. टंकेश्वर कुमार ने चयनित विद्यार्थियों को मिले इस अवसर के लिए बधाई दी और उनके उज्ज्वल भविष्य की कामना की। कुलपति ने कहा कि विश्वविद्यालय ट्रेनिंग एंड प्लेसमेंट सेंटर के माध्यम से निरंतर विद्यार्थियों के कौशल विकास व रोजगार के अवसर उपलब्ध कराने की दिशा में प्रयासरत हैं।

सेंटर के इन्हीं प्रयासों के परिणाम स्वरूप विद्यार्थियों को प्रतिष्ठित संस्थानों में रोजगार के अवसर मिल रहे हैं। विश्वविद्यालय ट्रेनिंग एंड प्लेसमेंट सेंटर के निदेशक डॉ. विकास गर्ग व उपनिदेशक डॉ. जितेंद्र



कुलपति प्रो. टंकेश्वर कुमार।

कुमार ने बताया कि विश्वविद्यालय के चार विद्यार्थी नेग्रो नामक प्रतिष्ठित कंपनी में चयनित हुए हैं। इनमें बीटेक की पूनम सांगवान व आशुतोष तिवारी तथा एमसीए की महिमा कुमारी व हर्षित बंसल के नाम शामिल हैं।

इसी क्रम में सांख्यिकी विभाग प्रभारी डॉ. देवेंद्र कुमार ने बताया कि विभाग के शोधार्थी इंद्रजीत कुमार को नेकस्टजेन इंवेंट प्राइवेट लिमिटेड में जूनियर डाटा साइंटिस्ट के पद पर नियुक्ति प्राप्त हुई है तथा एक अन्य छात्र अरुण कुमार को एक्सीडेंस कंसल्टिंग में रिस्क एनालिस्ट के पद पर प्लेसमेंट मिला है।

विश्वविद्यालय के विद्यार्थियों को प्राप्त रोजगार के अवसर के अंतर्गत कंपनियों द्वारा 4.4 लाख रुपये से 7 लाख रुपये का पैकेज ऑफर किया गया है।

विद्यार्थी अवश्य ही अपनी प्रतिभा से विवि का नाम रोशन करेंगे

संस, महेंद्रगढ़ : हरियाणा केंद्रीय विश्वविद्यालय महेंद्रगढ़ में विद्यार्थियों को पढ़ाई के साथ-साथ रोजगार के भी भरपूर अवसर उपलब्ध कराए जा रहे हैं। विश्वविद्यालय के इन्हीं प्रयासों के परिणाम स्वरूप छह विद्यार्थियों को प्रतिष्ठित कंपनियों नेग्रो, एक्सीडेंस कंसल्टिंग, नेकस्टजेन इंवेंट में प्लेसमेंट प्राप्त हुआ है। विश्वविद्यालय के कुलपति प्रो. टंकेश्वर कुमार ने चयनित विद्यार्थियों को बधाई दी और उनके उज्ज्वल भविष्य की कामना की। उन्होंने कहा कि ये विद्यार्थी अवश्य ही अपनी प्रतिभा के माध्यम से विश्वविद्यालय का नाम रोशन करेंगे।



हरियाणा केंद्रीय विश्वविद्यालय के कुलपति प्रो. टंकेश्वर कुमार ● सौ. हकेंविवि

कुलपति प्रो. टंकेश्वर कुमार ने कहा कि विश्वविद्यालय ट्रेनिंग एंड प्लेसमेंट सेंटर के माध्यम से निरंतर विद्यार्थियों के कौशल विकास और रोजगार के अवसर उपलब्ध कराने की दिशा में प्रयासरत है। सेंटर के इन्हीं प्रयासों के परिणाम स्वरूप विद्यार्थियों को प्रतिष्ठित संस्थानों में रोजगार के अवसर मिल रहे हैं। विश्वविद्यालय ट्रेनिंग एंड प्लेसमेंट सेंटर के निदेशक डा. विकास गर्ग और उपनिदेशक डा. जितेंद्र कुमार ने बताया कि विश्वविद्यालय के चार विद्यार्थी नेग्रो नामक प्रतिष्ठित कंपनी में चयनित हुए हैं। इनमें बीटेक की पूनम सांगवान और आशुतोष तिवारी तथा एमसीए की महिमा कुमारी और हर्षित बंसल के नाम शामिल हैं। इसी क्रम में सांख्यिकी विभाग प्रभारी डा. देवेंद्र कुमार ने बताया कि विभाग के शोधार्थी इंद्रजीत कुमार को नेकस्टजेन इंवेंट प्राइवेट लिमिटेड में जूनियर डाटा साइंटिस्ट के पद पर नियुक्ति प्राप्त हुई है तथा एक अन्य छात्र अरुण कुमार को एक्सीडेंस कंसल्टिंग में रिस्क एनालिस्ट के पद पर प्लेसमेंट मिला है। विश्वविद्यालय के विद्यार्थियों को प्राप्त रोजगार के अवसर के अंतर्गत कंपनियों द्वारा 4.4 लाख रुपये से सात लाख रुपये का पैकेज आफर किया गया है।

हकेवि के 6 विद्यार्थियों की हुई प्रतिष्ठित कंपनियों में प्लेसमेंट

भास्कर न्यूज | महेंद्रगढ़

हकेवि, महेंद्रगढ़ में विद्यार्थियों को पढ़ाई के साथ-साथ रोजगार के भी भरपूर अवसर उपलब्ध कराए जा रहे हैं। विश्वविद्यालय के इन्हीं प्रयासों के परिणाम स्वरूप 6 विद्यार्थियों की प्रतिष्ठित कम्पनियों में प्लेसमेंट हुई है। विश्वविद्यालय के कुलपति प्रो. टंकेश्वर कुमार ने चयनित विद्यार्थियों को मिले इस अवसर के लिए बधाई दी और उनके उज्ज्वल भविष्य की कामना की।

कुलपति ने कहा कि विश्वविद्यालय ट्रेनिंग एंड प्लेसमेंट सेंटर के माध्यम से निरंतर विद्यार्थियों के कौशल विकास व रोजगार के अवसर उपलब्ध कराने की दिशा में प्रयासरत है। सेंटर के इन्हीं प्रयासों के परिणाम स्वरूप विद्यार्थियों को प्रतिष्ठित संस्थानों में रोजगार के अवसर मिल रहे हैं। विश्वविद्यालय ट्रेनिंग एंड प्लेसमेंट सेंटर के निदेशक डॉ. विकास गर्ग व उपनिदेशक डॉ. जितेंद्र कुमार ने बताया कि विश्वविद्यालय के चार विद्यार्थी नेग्रो नामक प्रतिष्ठित कंपनी में चयनित हुए हैं। इनमें बीटेक की पूनम सांगवान व आशुतोष तिवारी तथा एमसीए की महिमा कुमारी व हर्षित बंसल के नाम शामिल हैं।

हकेवि में बाजरे से बने खाद्य उत्पादों पर आयोजित कार्यशाला का हुआ समापन

-कुलपति बोले प्रशिक्षण के प्रयोग से मिलेगा लाभ

महेंद्रगढ़ ,एनसीआर हरियाणा, (प्रदीप बालरोडिया)

हरियाणा केंद्रीय विश्वविद्यालय (हकेवि), महेंद्रगढ़ में ग्रामीण क्षेत्र में खाद्य उत्पादों के विकास में जुटीं महिलाओं को गुणवत्तापूर्ण उत्पादों के निर्माण व उनके प्रचार-प्रसार हेतु आवश्यक बिजनेस मॉडल विकसित करने के उद्देश्य से आयोजित पाँच दिवसीय कार्यशाला का समापन हुआ। फीड द ग्रोइंग इंडिया विद द गुडनेस ऑफ बाजरा प्रोडेक्ट्स पर केंद्रित इस कार्यशाला के समापन सत्र को संबोधित करते हुए कुलपति प्रो. टंकेश्वर कुमार ने कहा कि इस

कार्यशाला के समापन के साथ एक नई शुरूआत हुई है और मुझे आशा है कि यहां अर्जित प्रशिक्षण का लाभ प्रतिभागी अपने-अपने कार्यक्षेत्र में उठायेंगे।

कुलपति ने समापन सत्र को संबोधित करते हुए कहा विज्ञान भारती हरियाणा व विज्ञान एवं प्रौद्योगिकी मंत्रालय के साइंस फोर इक्विटी, एम्पावरमेंट एंड डेवलपमेंट (सीड) के साझा प्रयासों से आयोजित इस कार्यशाला के माध्यम से अवश्य ही ग्रामीण क्षेत्रों में कार्यरत महिलाएं लाभांवित होंगी। कार्यक्रम में उपस्थित विज्ञान भारती हरियाणा की उपाध्यक्ष प्रो. सुनीता श्रीवास्तव ने भारतीय खाद्यान्नों की उपयोगिता का उल्लेख करते हुए कहा कि इस प्रकार के आयोजनों के माध्यम से पोषक खाद्यान्नों के प्रचार-प्रसार में मदद मिलेगी। कार्यक्रम की संयोजिका डॉ. सविता बुधवार ने बताया कि सीड के सहयोग से आयोजित इस पाँच दिवसीय इस कार्यशाला के अंतर्गत करीब तीस महिला प्रतिभागियों को प्रशिक्षित किया गया और समापन सत्र में उन्हें प्रमाण पत्र भी प्रदान किए गए। कार्यक्रम के अंत में कार्यक्रम के सह-संयोजक प्रो. सुनील कुमार ने धन्यवाद ज्ञापन प्रस्तुत किया। कार्यक्रम के समापन सत्र में विश्वविद्यालय शैक्षणिक अधिष्ठाता प्रो. दिनेश कुमार व शोध अधिष्ठाता प्रो. नीलम सांगवान भी उपस्थित रहीं।

हकेंवि में बाजरे से बने खाद्य उत्पादों पर कार्यशाला संपन्न

पांच दिवसीय कार्यशाला के समापन पर प्रतिभागियों को प्रमाण पत्र देते कुलपति प्रो. टंकेश्वर कुमार ● जागरण

संवाद सहयोगी, महेंद्रगढ़ : हरियाणा केंद्रीय विश्वविद्यालय महेंद्रगढ़ में ग्रामीण क्षेत्र में खाद्य उत्पादों के विकास में जुटी महिलाओं को गुणवत्तापूर्ण उत्पादों के निर्माण व उनके प्रचार-प्रसार के लिए आवश्यक बिजनेस माडल विकसित करने के उद्देश्य से आयोजित पांच दिवसीय कार्यशाला का समापन हुआ। फीड द ग्रोइंग इंडिया विद द गुडनेस ऑफ बाजरा प्रोडक्ट्स पर केंद्रित कार्यशाला के समापन सत्र को संबोधित करते हुए कुलपति प्रो. टंकेश्वर कुमार ने कहा कि इस कार्यशाला के समापन के साथ एक नई शुरुआत हुई है। कुलपति ने समापन सत्र में कहा विज्ञान भारती हरियाणा व विज्ञान एवं प्रौद्योगिकी मंत्रालय के साइंस फोर इक्विटी, एम्पावरमेंट एंड डेवलपमेंट (सीड) के साझा प्रयासों से आयोजित इस कार्यशाला के माध्यम से अवश्य ही ग्रामीण क्षेत्रों में कार्यरत महिलाएं लाभान्वित होंगी। कार्यक्रम में उपस्थित विज्ञान भारती हरियाणा की उपाध्यक्ष प्रो. सुनीता श्रीवास्तव ने भारतीय खाद्यान्नों की उपयोगिता का उल्लेख करते हुए कहा कि इस प्रकार के आयोजनों के माध्यम से पोषक खाद्यान्नों के प्रचार-प्रसार में मदद मिलेगी। संयोजिका डा. सविता बुधवार ने बताया कि सीड के सहयोग से आयोजित इस पांच दिवसीय इस कार्यशाला के अंतर्गत करीब तीस महिला प्रतिभागियों को प्रशिक्षित किया गया और समापन सत्र में प्रमाण पत्र भी प्रदान किए गए।

बाजरे से बने खाद्य उत्पादों पर आयोजित कार्यशाला का समापन

हकेंवि में पांच दिवसीय कार्यशाला के समापन पर प्रतिभागियों को प्रमाणपत्र देते कुलपति प्रो. टंकेश्वर कुमार। संवाद

महेंद्रगढ़। हरियाणा केंद्रीय विश्वविद्यालय में ग्रामीण क्षेत्र में खाद्य उत्पादों के विकास में जुटी महिलाओं को गुणवत्तापूर्ण उत्पादों के निर्माण, उनके प्रचार-प्रसार के लिए आवश्यक बिजनेस मॉडल विकसित करने के उद्देश्य से आयोजित पांच दिवसीय कार्यशाला का समापन हुआ। कार्यशाला में क्षेत्र की 30 महिलाओं ने हिस्सा लिया।

फीड द ग्रोइंग इंडिया विद द गुडनेस ऑफ बाजरा प्रोडेक्ट्स पर केंद्रित इस कार्यशाला के समापन पर कुलपति प्रो. टंकेश्वर कुमार ने कहा कि इस कार्यशाला के समापन के साथ एक नई शुरुआत हुई है और आशा है कि यहां अर्जित प्रशिक्षण का लाभ प्रतिभागी अपने कार्यक्षेत्र में उठाएंगे।

कुलपति ने कहा कि विज्ञान भारती हरियाणा, विज्ञान एवं प्रौद्योगिकी मंत्रालय के साइंस फॉर इक्विटी, एंपावरमेंट एंड डेवलपमेंट (सीड) के साझा प्रयासों से आयोजित इस कार्यशाला के माध्यम से अवश्य ही ग्रामीण क्षेत्रों में कार्यरत महिलाएं लाभान्वित होंगी।

विज्ञान भारती हरियाणा की उपाध्यक्ष प्रो. सुनीता श्रीवास्तव ने भारतीय खाद्यानों की उपयोगिता का उल्लेख करते हुए कहा कि इस प्रकार के आयोजनों के माध्यम से पोषक खाद्यान्नों के प्रचार-प्रसार में मदद मिलेगी। संवाद

प्रतिभागियों को दिए प्रमाण पत्र

कार्यक्रम की संयोजिका डॉ. सविता बुधवार ने बताया कि कार्यशाला के अंतर्गत करीब 30 महिला प्रतिभागियों को प्रशिक्षित किया गया और समापन सत्र में उन्हें प्रमाण पत्र भी प्रदान किए गए। कार्यक्रम के सहसंयोजक प्रो. सुनील कुमार ने धन्यवाद ज्ञापन प्रस्तुत किया। कार्यक्रम के समापन सत्र में विश्वविद्यालय शैक्षणिक अधिष्ठाता प्रो. दिनेश कुमार, शोध अधिष्ठाता प्रो. नीलम सांगवान भी उपस्थित रहीं।

कार्यक्रम • केंद्रीय विवि में आयोजित पांच दिवसीय कार्यशाला में 30 महिलाओं को किया प्रशिक्षित

बाजरे के खाद्य उत्पादों पर आधारित कार्यशाला का हुआ समापन, वीसी बोले- प्रशिक्षण के प्रयोग से मिलेगा लाभ

भास्कर न्यूज | महेंद्रगढ़

